मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 16/10/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --551/2025
16 अक्टूबर 2025
जैप-1 ग्राउंड, डोरंडा, रांची
==========================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने इंडियन पुलिस सर्विस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (इप्सोवा) की ओर से आयोजित तीन दिवसीय दिवाली मेला का किया उद्घाटन
==========================

◆ मुख्यमंत्री ने इप्सोवा को उसके सामाजिक सरोकार के लिए दी बधाई, कहा- यह संस्था विभिन्न माध्यमों से समाज के दबे -कुचले एवं वंचित लोगों को अलग-अलग माध्यमों से सहायता प्रदान करने का कर रही सराहनीय कार्य
=========================

● इप्सोवा दिवाली मेला में हिस्सा लेने आए सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं

● समाज के हर जरूरतमंद को हम अपने साथ खड़ा कर सकें, इसके लिए हम सभी को करना होगा प्रयास

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन मुख्य अतिथि एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन विशिष्ट अतिथि के रूप में आज इंडियन पुलिस सर्विस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (इप्सोवा) की ओर से जैप-1 मैदान, डोरंडा, रांची में आयोजित तीन दिवसीय दिवाली मेला के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इप्सोवा कोई नया नाम नहीं है। यह संस्था एक लंबा सफर तय कर चुका है। इस दौरान इस संस्था द्वारा समाज के मुख्य धारा से अलग- थलग, दबे -कुचले एवं वंचित लोगों को अलग-अलग माध्यमों से सहायता प्रदान की गई और यह सिलसिला निरंतर जारी है। मैं इप्सोवा को उसके सामाजिक सरोकार के लिए बधाई देता हूं।

एक नए लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रयासरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस महकमा इस राज्य के लोगों की -जान माल की सुरक्षा को समर्पित है। इप्सोवा भी एक ऐसी संस्था है, जो पुलिस पदाधिकारियों के परिजनों द्वारा संचालित किया जा रहा है। यह संस्था सामाजिक कार्यों से जुड़ा हुआ है तथा पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता आ रहा है। इस तरह के मेलों के माध्यम से आप एक नए लक्ष्य की तरफ बढ़ने के लिए प्रयासरत हैं। मुझे पूरी उम्मीद है इप्सोवा के जो भी लक्ष्य है ,वे निश्चित तौर पर हासिल होंगे।

हर जरूरतमंद को अपने साथ खड़ा कर पाएं

इप्सोवा ऐसी संस्था है जो व्यस्त समय के बीच सामाजिक कार्यों का निर्वहन करती आ रही है। इसके सदस्य जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार काम कर रहे हैं। ऐसे में आज जरूरी है कि समाज के हर जरूरतमंद को हम अपने साथ खड़ा कर सकें, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने इप्सोवा दिवाली मेला में हिस्सा लेने पहुंचे सभी लोगों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक श्री अनुराग गुप्ता, एडीजी श्रीमती प्रिया दुबे और इप्सोवा की अध्यक्ष श्रीमती शिखा गुप्ता समेत अन्य सदस्यगण मौजूद थीं।

==========================

#Team PRD(CMO)